आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पड़ोसी राज्य बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए ने दर्ज की भारी जीत। दो सौ तैंतालीस सीटों में से दो सौ दो सीटें एनडीए के खाते में। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बिहार की जीत विकास की राजनीति का जनादेश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी कैबिनेट बैठक में पास हुए बीस प्रस्ताव। वृद्धावस्था पेंशन को लेकर बड़ा निर्णय। पेंशन के लिये वरिष्ठ नागरिकों का होगा स्वतः चिन्हींकरण।
- दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम का दायरा अब नगरीय क्षेत्रों से बढ़कर पूरे प्रदेश तक। अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन को मिली कैबिनेट की मंजूरी।
- आज जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जा रही है भगवान बिरसा मुण्डा की एक सौ पचासवीं जयंती। सोनभद्र में आयोजित जयंती समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**********

पड़ोसी राज्य बिहार के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने भारी जीत दर्ज की है। विधानसभा की कुल दो सौ तैंतालीस सीटों में से एनडीए ने दो सौ दो सीटें हासिल की हैं जबकि महागठबंधन को पैंतीस सीटों से संतोष करना पड़ा है। चुनाव में एनडीए गठबंधन में भाजपा को नवासी, जदयू को पचासी, लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास को उन्नीस, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्यूलर को पांच, राष्ट्रीय लोकमोर्चा को चार विधानसभा क्षेत्रों में जीत मिली है। उधर, महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल को पचीस, कांग्रेस को छः, सीपीआई–एम को एक और सीपीआई–एमएल को दो सीटों पर जीत हासिल हुयी है। बिहार विधानसभा चुनाव में एआई एम आईएम पांच और बहुजन समाज पार्टी एक सीट जीतने में कामयाब रही।

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत पर प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह जीत विकास की राजनीति का जनादेश है। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि–

***बिहार में कुछ दलों ने तुष्टिकरण वाला एमवाई माय फार्मूला बनाया था। पर इस जीत ने एक नया सकारात्मक एमवाई माध्य फार्मूला दिया है और ये है महिला और यूथ। आज बिहार देश के उन राज्यों में है, जहां सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या है और इसमें हर धर्म, हर जाति के युवा हैं। उनकी इच्छा, उनका आकांक्षा और उनके सपनों ने जंगल राज वालों के पुराने साम्प्रदायिक माय फार्मूले को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार की लोक–कल्याणकारी नीतियों पर बिहार की जनता के अटूट विश्वास की मुहर है।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के चुनाव नतीजों पर कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर जनता की मुहर है।

***माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और बिहार के मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार जी की जोड़ी के प्रति बिहार का जो भरोसा था, उस भरोसे के कारण से एनडीए को ऐतिहासिक जीत बिहार के विधानसभा चुनाव में मिली है और इस चुनाव में हमें जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो काम किया गया, इसके कारण से महिलाओं का आशीर्वाद मिला। युवाओं के साथ जो न्यायपूर्ण बर्ताव करने का लक्ष्य रखा गया और कार्य किया गया, उसके कारण युवाओं का समर्थन मिला। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला। जो गरीब है, उसको लग रहा है कि अमीर बनने का एक मौका है। जो किसान है, वह भी सामर्थ्यवान बने, इसके लिए योजना हर वर्ग के लिए जो काम किया गया, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबको सम्मान ।***

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ पूरी बातचीत आप आज शाम 5 बजे 100.7 एफ.एम. रेनबो पर सुन सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ में हुयी कैबिनेट बैठक में बीस प्रस्ताव पास किए गए। प्रदेश कैबिनेट ने राज्य में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। अब पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने बताया कि फैमिली आईडी 'एक परिवार–एक पहचान' प्रणाली से पात्र लाभार्थियों का स्वतः चिन्हीकरण होगा और उनकी सहमति मिलने पर पेंशन सीधे स्वीकृत की जाएगी।

राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कैबिनेट ने 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट मंजूर कर दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क की सीमा तय कर दी गई है। यह सीमा किरायेदारी की अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर लागू होगी।

***जिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 17 व 18 के प्रावधानों के अधीन 1 वर्ष की अवधि की अचल संपत्ति की किराएदारी संबंधी विलेख का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य नहीं है, ऐच्छिक है। इसके संबंध में काफी रिलैक्सेशन दिया गया है कि अभी तक 2 लाख तक अगर 1***

***साल का किराया है तो उसको मात्र 500 का रजिस्ट्री शुल्क स्टांप शुल्क देना पड़ेगा 1 वर्ष के लिए और 1 से 5 वर्ष है तो 1500, 5 वर्ष से 10 वर्ष रहे तो 2000।***

प्रदेश कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि संशोधन के तहत यह अधिनियम अब उन प्रतिष्ठानों पर लागू होगा जिनमें 20 या उससे अधिक कर्मकार कार्यरत हैं।

***दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 इसको मंत्रिमंडल ने इसका संशोधन करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया है। यह पहले सिर्फ शहरी क्षेत्र के लिए यह था। अब इसको पूरे उत्तर प्रदेश और ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी हम लागू करने जा रहे हैं। दूसरा पहले इस अधिनियम में निजी अस्पताल, क्लीनिक, गृह वास्तुकार, तकनीकी परामर्शदाता, सेवा प्रदाता इन लोगों पर लागू नहीं था। अब यह इस पर भी लागू हो जाएगा।***

प्रदेश कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमों में बदलाव करते हुए चैनमैन के लिए लेखपाल पद पर पदोन्नति को मंजूरी दी है। कैबिनेट बैठक में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप में मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी गई। साथ ही कैबिनेट ने दिल्ली में हाल ही में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की।

**********

प्रदेश में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी जैसे उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। यह जानकारी कल लखनऊ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदेश में साढ़े बारह लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उपलब्ध है।

***डीएपी 376000 मेट्रिक टन आज की तारीख में उत्तर प्रदेश की तरफ है। एनपी के 394000 मेट्रिक टन है। एसएसपी 265000 मेट्रिक टन है और एमओपी 85000 मेट्रिक टन है।***

कृषि मंत्री ने बताया कि रबी फसलो के लिये ग्यारह लाख बारह हजार कुंतल प्रमाणित बीज किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

**********

स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुण्डा की आज एक सौ पचासवीं जयंती है। केन्द्र सरकार ने उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर रखा है। इस उपलक्ष्य में आज देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सोनभद्र में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सोनभद्र में पांच सौ अड़तालीस करोड़ रूपये की चार सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर आधारित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

**********

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचेंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री आज वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कल रविवार को शहीद वीरांगना ऊदा देवी के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

**********

अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में आगामी पचीस नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के चलते चौबीस नवम्बर की रात से रामलला के दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिये बन्द कर दिये जायेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सुरक्षा और कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए पचीस नवंबर को भक्त, मंदिर पहुंचकर दर्शन नहीं कर सकेंगे। टीवी और एलईडी स्क्रीन पर ध्वजारोण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

**********